**आकाशवाणी**
**प्रादेशिक समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- **लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार समाप्त, प्रदेश की 6 सीटों पर 19 अप्रैल को होगा मतदान।**
- **प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस–भाजपा दोनों ने पहले चरण की सीटों पर किया जमकर प्रचार।**
- **शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ प्रदेश में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन जारी।**
- **रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में हुआ भव्य आयोजन, प्रदेश के राममंदिरों में भी विशेष पूजा–अर्चना का दौर जारी।**

चुनाव प्रचार- समाप्त

प्रदेश में चार चरणों में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज छह सीटों पर चुनाव प्रचार थम गया है। इन सीटों में छिंदवाड़ा, बालाघाट, सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में पहले चरण के मतदान के तहत 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। बालाघाट के विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा। श्री राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

**चुनाव प्रचार**

प्रदेश में इन दिनों लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा और बालाघाट में प्रचार के अंतिम दिन जनसभाएं की वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कटनी व पन्ना, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा में प्रचार किया। इस बीच प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में अमरवाड़ा विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कल नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा और गाडरवारा के चीचली में जनसभा को संबोधित करेंगे

**निर्वाचन समीक्षा**

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की पूरी तैयारी है। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह बात भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। श्री

राजन ने बताया कि प्रदेश में कुल 871 नाके बनाये गये हैं, जहां पर सतत् निगरानी की जा रही है। इनमें से 309 अन्तर्राज्यीय और 562 राज्य के अन्दर नाके बनाये गये हैं। लगातार जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। उप निर्वाचन आयुक्त ने टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक से अलग-अलग चर्चा कर निर्वाचन तैयारियों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने बताया कि जिलों की टीम द्वारा बेहतर ढंग से निर्वाचन की तैयारियां की जा रही हैं।

**जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ॅंजे।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

**चौथा चरण नामांकन–प्रदेश**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को होने वाले मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खण्डवा में मतदान कराया जाएगा। चौथे चरण के लिए चुनाव की अधिसूचना भी कल जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन–पत्र भरने की प्रकिया शुरू हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन 26 अप्रैल को नामांकन–पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। सभी चरणों में हुए मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

**मतदाता जागरुकता**

**प्रदेश में मतदान की तारीखे नजदीक आती जा रही है इसे देखते हुए मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम भी बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं।** आगरमालवा जिले में शत्-प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कल आगरमालवा नगर पालिका परिषद् के अधिकार-कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर में नैतिक मतदान की शपथ ली।। देवास जिले में तहत आज मतदाता जागरुकता अभियान के तहत देवास, ग्राम टिगरिया छोटा और उदय नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसी प्रकार पीपलरावां में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। शिवपुरी जिले में ग्राम रातौर में बूजूर्ग मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रस्साकस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई। नीमच जिले में पर्यावरण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तार्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की प्रतियोगिता का आयोजन कल किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 8 हजार बच्चों ने सहभागिता की।

**सूर्य तिलक**

रामनवमी के अवसर पर आज दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर अयोध्या मंदिर में विराजमान भगवान राम लला की प्रतिमा के मस्तक पर सूर्य तिलक जगमगा उठा। शीशे और लेंस को शामिल करके एक व्यापक क्रियाविधि से राम लला की प्रतिमा पर सूर्य तिलक को

संभव बनाया गया। अयोध्या मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। श्रद्धालु आज सुबह से ही भगवान राम की एक झलक पाने के लिए राम मंदिर में उमड रहे हैं। पूरा शहर आज राम जन्मोत्सव मना रहा है।

**राम नवमी**

प्रदेश में भी आज रामनवमी का पर्व पारंपरिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। भोपाल के तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन में श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह पूर्वक परिसर में श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में संगीत मय सुंदरकांड के साथ मनाया गया। देवास जिले में दोपहर 12 बजे राम मन्दिरो में महाआरती के साथ भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया । रामनवमी के साथ चैत्र नवरात्रि के समापन पर शहर सहित जिले में कई धार्मिक आयोजन हुए। शाम को विशाल चल समारोह निकाला जा रहा है । अशोकनगर में राम मंदिरों में आकर्षक साथ सज्जा की गई इसके साथ ही भगवान राम 15 फीट ऊंचे लकड़ी के बने रथ पर 70 किलो चांदी की विमान में विराजमान होकर निकले ।शोभा यात्रा पूर्ण नगर में हर्ष उल्लास के साथ निकाली गई । अन्य मंदिरों में भी महा आरती 56 भोग के प्रसादी चढ़ाई गई । ग्राम तुंबन में माता विंध्यवासिनी के मंदिर में इसके साथ ही चंदेरी स्थित माता जागेश्वरी मंदिर में मेले का आयोजन भी किया गया। गुना में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली जा रही हैं।

**समाचार संक्षेप :–**

- **शिवपुरी जिले में कलेक्टर ने गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन का समय में परिवर्तन किया है। 22 अप्रैल से 15 जून तक प्रातः 07.30 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक रहेगा।**
- **सीहोर जिले में भारत सरकार की टीम द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के अनेक स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता, एवं फीडबैक लिया गया ।**
- **रीवा जिले में जिन दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं ने निर्धारित प्रपत्र में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए आवेदन किया है उन्हें घर–घर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल को डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा।**

**-------------------------**